केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और बिहार पुलिस के द्वारा 162 आईईडी बरामद की गयीं।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और बिहार पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित नक्सलवादियों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन अभियानों के कारण राज्य धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है। पहले जो क्षेत्र नक्सलवादियों के प्रभुत्व वाले माने जाते थे अब वहां पर उनके द्वारा लगाए गए आईईडी को नष्ट करने और हथियार और गोला-बारूद को बरामद करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में अभियान जारी है।

2 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और बिहार पुलिस के द्वारा दिनांक 27 जनवरी 23 को औरंगाबाद के लडुइया पहाड़ी क्षेत्र में ऐसे ही एक सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन में पहले 13 प्रेशर आईईडी का पता चला था। जवानों ने इन आईईडी को मौके पर ही नष्ट कर दिया और ऑपरेशन जारी रखा। जब वे एक गुफा के समीप पहुंचे और गुफा की सघनता से तलाशी ली तो वहां पर करीब एक-एक किलो वजन के 149 आईईडी को बरामद किया। जवानों ने निर्धारित सुरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए सभी आईईडी को नष्ट कर दिया।